08.03.2026 आकाशवाणी केन्द्र शिमला 19.45 बजे

प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में फिलहाल नहीं होगा नई पंचायतों का गठन।
- प्रदेश के निवर्तमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल में टीबी के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– माफिया के खिलाफ ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित।

## पंचायत चुनाव

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में फिलहाल नई पंचायतों का गठन नहीं किया जाएगा। वे आज नाहन में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तय समय के भीतर ही राज्य में पंचायती राज चुनाव संपन्न करवाएं जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार नीतिगत फैसले लेती रहेगी और वर्ष 2027 तक हिमाचल को एक आत्मनिर्भर राज्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी वायदे के मुताबिक राज्य सरकार ने अभी तक सात गारंटियों को पूरा कर लिया है।

## राज्यपाल

प्रदेश के निवर्तमान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल में टी.बी. के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। शिमला में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि टी.बी. मुक्त हिमाचल का लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर गंभीरता से कार्य करना होगा।

शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नशा मुक्त हिमाचल अभियान को भी आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि इस दिशा में अभी और अधिक प्रयास करने की ज़रूरत है ताकि हिमाचल को पूरी तरह नशामुक्त बनाया जा सके।

गौरतलब है कि शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। उनके सम्मान में विदाई समारोह कल 9 मार्च को लोकभवन शिमला में आयोजित किया जाएगा। दूसरी ओर प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता का कल शाम शिमला पहुंचने का कार्यक्रम है। वे 10 मार्च को प्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

## उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि माफिया को खत्म करने में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि साफ–सुथरा प्रशासन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों को तोड़ने की इजाज्त किसी को भी नहीं दी जाएगी। अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि अब कागज़ी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा और पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को सड़कों पर उतर कर काम करना होगा।

भेंट

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने आयोग के सदस्यों सहित आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। इस दौरान आयोग की गतिविधियों और अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के प्रति पूरी तरह संकल्पित है और इस दिशा में आयोग भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि खेलों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है बल्कि युवाओं को एक सकारात्मक दिशा मिलती है। शिमला ज़िले में जुब्बल उपमंडल के टिक्करी में आज एक खेल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेलों का विशेष महत्व है। रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार खेलों के विषय में गंभीर है और इस क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य कर रही है।

महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह नाहन में आयोजित किया गया जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने ऐलान किया कि राज्य में क्लास थ्री की भर्ती में महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा और इसके लिए सरकार कानून में भी बदलाव करेगी।

मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि प्रदेश की महिलाओं को 15 सौ रुपये पैंशन अगले वर्ष से देने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की पहली प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है और राज्य सरकार की हर योजना के केंद्र में महिलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने नाहन मैडिकल कॉलेज भवन निर्माण के लिए 5 सौ करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने नाहन विधानसभा क्षेत्र में करीब एक सौ 90 करोड़ रुपये की लागत वाली 17 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

अन्य कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश के सभी ज़िलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। घुमारवीं क्षेत्र की संलाओ पंचायत में हुए कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने संतुलित सामाजिक विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया।

इधर शिमला में खेल मंत्रालय द्वारा स्वायत संस्था मेरा युवा भारत व प्रदेश खेल व युवा सेवा विभाग द्वारा दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनैस के प्रति जागरूक किया गया। धर्मशाला में भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड पर आयोजित महानाटी में महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में महानाटी का आयोजन किया। कांगड़ा ज़िले के देहरा में विधायक कमलेश ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला स्वयं सहायता समूहों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि जाईका, वानिकी परियोजना से जुड़ी महिलाएं आज सशक्तिकरण की मिसाल बन रही हैं।

निरीक्षण

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नाहन मैडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद डॉक्टरों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि मैडिकल कॉलेज केवल रैफरल संस्थान बनकर रह गए हैं लेकिन इनमें सुधार कर प्रदेश में ही लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकार मैडिकल सुविधाओं में सुधार के लिए हाई एंड मैडिकल टैक्नोलॉजी लाने जा रही है जिसके तहत आने वाले समय में तीन हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री के नाहन दौरे को निराशाजनक करार दिया है। नाहन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने मुख्यमंत्री पर पूर्व सरकार द्वारा किए गए कार्यों के श्रेय लेने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो भी उद्घाटन किए उसका बजट पूर्व की सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया गया था और 80 प्रतिशत से अधिक कार्य भी पिछली सरकार के कार्यकाल में पूरे हो चुके थे।

हैंडबॉल

ऊना के इंदिरा गांधी खेल परिसर में उत्तरी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता आज शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में देश के उत्तरी राज्यों के 39 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया और कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

जागरूकता

चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत सोलन से सिरमौर के लिए जन–जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने आज सोलन से इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह की जागरूकता गतिविधियों से इस जानलेवा नशे से युवा पीढ़ी को बचाने में मदद मिल सकती है।

जागरूकता दौड़ में अंतर्राष्ट्रीय पैरा धावक वीरेंद्र सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि करीब 90 किलोमीटर की इस दौड़ का उद्देश्य चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना है।